प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 22.07.2021

कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप का प्रयोग कर दूसरों के खाते से पैसा निकालने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, धोखाधड़ी के 3010/– रूपये बरामद– (थाना कोतवाली नगर)

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर दिये जा रहे निर्देश के क्रम में कल दिनांक 21.07.2021 को स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ के पास से कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप का प्रयोग कर दूसरों के खाते से पैसा निकालने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से धोखाधड़ी के 3010/– रूपये नकद व 03 अदद कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 615/21 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादंवि व धारा 66सी/66डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

अखिलेश यादव पुत्र रामलगन यादव निवासी हिन्दूआरी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

बरामदगी–

01. 3010/– रूपये नकद (धोखाधड़ी के)
02. 03 अदद कूटरचित रबड़युक्त अंगुष्ठ छाप

पूछताछ का विवरण– गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश यादव ने पूछताछ में बताया कि मैं अपने गांव के बाजार के एक कम्प्यूटर सेंटर पर फार्म भरने के लिए आए लोगों के आधार कार्ड की फोटोकॉपी जिस पर अंगूठे का निशान लगा रहता उसे ले लेता हूं और राबर्ट्सगंज बाजार में ही एक दुकान है जहां से उस कागज पर बने अंगूठे के निशान का डुप्लीकेट रबड़युक्त निशान बनवा लेता हूं और उस आधार नम्बर व डुप्लीकेट अंगूठे के निशान से ग्राहक सेवा केन्द्रों पर जाकर फिंगरप्रिंट स्केनर पर अंगूठा लगाकर पैसे निकाल लेता हूं। दिनांक 18.07.21 को मैं इलाहाबाद से प्रतापगढ़ आया। मैंने साइन इण्डिया साइबर कैफे/जन सेवा केन्द्र बलीपुर से एक आधार नम्बर से संबंधित अपने पास रखे डुप्लीकेट रबड़युक्त अंगूठे के निशान का प्रयोग कर 10,000/– रूपये निकाले थे। मेरे पास से बरामद पैसे उन्ही पैसों में से बचे शेष पैसे हैं, अन्य पैसे खर्च हो गये हैं।

पुलिस टीम–

- प्रभारी निरीक्षक श्री रवीन्द्र कुमार राय, उ0नि0 श्री विवेक कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्री घनश्याम सिंह, कां0 नितीश यादव, कां0 अभिनव कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।
- प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 श्री अमरानाथ राय, हे0कां0 तहसीलदार तिवारी, हे0कां0 महेन्द्र प्रताप, हे0कां0 पंकज दुबे, कां0 प्रवीण कुमार, कां0 अरविन्द दुबे, कां0 जागीर सिंह, कां0 राजेन्द्र कुमार, हे0कां0चा0 राजेन्द्र सिंह

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद के थाना रानीगंज से उ0नि0 श्री धीरेन्द्र ठाकुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र के जामताली मोड़ रोड तिराहा के पास से मु0अ0सं0 338/20 धारा 363, 366, 120बी भादवि व धारा 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त गुफरान पुत्र इमामुद्दीन निवासी मैनहा कलीपुर थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 22.07.2021